**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.12.2025 / संजय / 11:00बजे**

**प्रादेशिक समाचार**

**राष्ट्रपति–शांति विधेयक**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित सतत परमाणु ऊर्जा उपयोग और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक, 2025–शांति विधेयक को स्वीकृति दे दी है। राष्ट्रपति ने कल इस विधेयक को मंजूरी दी। इस विधेयक में नागरिक परमाणु क्षेत्र से जुड़े सभी कानूनों को समाहित किया गया है। साथ ही इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के तहत परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और नागरिक परमाणु क्षति दायित्व अधिनियम, 2010 को निरस्त कर दिया गया है, जिन्हें भारत में नागरिक परमाणु क्षेत्र के विकास में बाधक माना जा रहा था।

इस बीच राष्ट्रपति ने विकसित भारत जी राम जी बिल–2025 को भी मंजूरी दे दी है। यह एक्ट ग्रामीण परिवारों के लिए हर वित्तीय वर्ष में वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को 125 दिन तक बढ़ाता है।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में देश के किसानों और अन्नदाताओं की अहम भूमिका है और सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी योजनाएं सभी किसानों तक पहुंचाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने असम में अमोनिया–यूरिया उर्वरक परियोजना की आधारशिला रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों को उर्वरक पर बडी सब्सिडी देती है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों में छोटे स्तर पर कारोबार करने वाले दुकानदारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना को विस्तारित किया है। कल शिमला में उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रदेश के सभी शहरी स्थानीय निकायों में इस योजना को शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानदारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2023 में शुरू की गई थी। वर्ष 2025–26 की बजट घोषणा के अनुरूप अब इस योजना को शहरी क्षेत्रों में विस्तारित किया गया है।

**पंचायत चुनाव**

प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर आज सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग और सरकार से चुनाव में देरी को लेकर जवाब मांगा था जिस पर जवाब दायर कर दिया गया है। अब उच्च न्यायालय इसको लेकर आज

अपना निर्णय दे सकता है। प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल 31 जनवरी 2026 को समाप्त हो रहा है और निर्धारित नियमों के अनुसार इससे पूर्व चुनाव करवाए जाने आवश्यक है।

**पल्स पोलियो**

प्रदेश भर में पल्स पोलियो अभियान के तहत कल 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और पोलियो मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए अभियान में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। अभियान के तहत खुराक पीने से वंचित रहे बच्चों को आज और कल स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये दवा पिलाएंगे।

**बेसहारा पशु**

शिमला जिला में सड़क किनारे घूम रहे बेसहारा पशुओं को गऊशाला तक पहुंचाने के लिए समिति का गठन किया जा रहा है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने इसके लिए 15 दिवसीय विशेष अभियान की घोषणा की है। उपायुक्त ने इस बारे अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि उपमंडल स्तर पर समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2026 तक जिला के सभी चिन्हित स्थानों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को नजदीकी गऊ सदनों में पहुंचाया जाएगा।

**राष्ट्रीय गणित दिवस**

आज राष्ट्रीय गणित दिवस है। यह दिवस भारत के सबसे प्रभावशाली और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर देशभर के शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान निकायों और अकादमिक मंचों पर आज वैज्ञानिक प्रगति और रोजमर्रा के जीवन में गणित के महत्व को उजागर किया जाएगा।

**मौसम–सूखा**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्के बादल छाए हुए हैं। जबकि बीते दिनों जनजातीय जिलों की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है और राज्य के मैदानी जिलों में कोहरे का प्रकोप जारी है। प्रदेश में बारिश और बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं। इससे किसानों–बागवानों की चिंता बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना जताई है। जबकि मैदानी क्षेत्रों में कोहरे को येलो अलर्ट जारी किया है।